# गंदगी व मलबा फैलाने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों और दुकानदारों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीसीटीवी के आधार पर धान बाजार में न्यू रतनश्री पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा शनिवार रात चांदनीचौक, नीमचौक व माणकचौक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान गंदगी करने वाले कमल जैन व विनय जैन चांदनी चौक पर 2000-2000, संदेश सोनी नीमचौक, फिरोज खान चांदनी चौक पर 500-500 रुपये का जुर्माना किया गया। रविवार को गंदगी करने पर जय भोलेनाथ रेस्टोरेंट, जय मां दुर्गेश्वरी गायत्री टॉकीज रोड, राकेश शर्मा, कांतिलाल, दुर्गा मिष्ठान भंडार शहीद चौक, कन्हैयालाल, संजय, मोहम्मद एहसान त्रिवेणी मेला परिसर, निर्मल गिरी त्रिपोलिया गेट पर 500-500, मदुरई मसाला डोसा गायत्री टॉकीज रोड पर 100 रुपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।



जुर्माने की कार्रवाई करते हुए नगर निगम का अमला। • नईदुनिया 21-12-20

नई दुनिया

# निगम जुटा काटजू नगर,अलकापुरी को 0 वेस्ट वार्ड बनाने में

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर ओडीएफ. के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निगम आयुक्त ने आयोजित बैठक में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त हो इस हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों को पुरी निष्ठा, लगन व ईमानदारी से पूर्ण करें। बैठक में निर्देशित किया कि नगर के 52 सार्वजनिक शौचालयों में मरम्मत कार्य, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, जल आपूर्ति, प्रकाश आदि व्यवस्थाएँ आदि की व्यवस्थाएँ पूर्ण कराये जाने के साथ ही शौचालयों पर महिला - पुरुष अंकित करवाया जाये। इसके अलावा प्रत्येक शौचालय पर स्वास्थ्य विभाग के एक-एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में यह भी निर्देश दिये कि ऐसे क्षेत्र जहां खुले में शौच किया जा सकता है वहां निगरानी हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये साथ ही तालाब आदि पर भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये। नगर के ऐसे क्षेत्र जहां सार्वजनिक शौचालय नहीं है उन्हे चिन्हित कर मोबाईल टायलेट (चलित शौचालय) रखवाये जाकर प्रतिदिन दोनो समय साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएँ की जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर के सभी घरो से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाना है साथ ही 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण किया जाना है इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये। इसके अलावा उन्होने निर्देश दिये कि काटजू नगर व अलकापुरी वार्ड को 0 वेस्ट वार्ड बनाया जाना है इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये।

आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, एमके जैन, अनवर कुरेशी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी,दीक्षा निजामपुरकर, अमिता ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, सहायक राजस्व निरीक्षक बलवंत राठौर, वासुदेव बैरागी के अलावा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्य उपस्थित थे।

जय-भारत
21-12-2020

(17)

## मित्र निवास बना नया फुटकर बाजार

भास्कर 21-12-2020

रतलाम | अनलॉक के बाद से मित्र निवास पर सब्जियों से लेकर सीजन का सामान मिलने लगा है। इससे गीता मंदिर, गुलाब चक्कर, रामबाग, आनंद कॉलोनी, बैंक कॉलोनी आदि के रहवासियों के लिए सुविधाजनक बाजार मिल गया है। इन दिनों यहां गरम कपड़ों के साथ अन्य मोबाइल आदि सामग्रियां मिल रही हैं। हालांकि पार्किंग नहीं होने से दिक्कत हो रही है।

दै. भास्कर
21-12-2020

# 41 लाख से होगा सड़कों का डामरीकरण और सीसी वर्क

### विधायक ने निगम अफसरों को निर्देश दिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

21-12-2020

वार्ड 34 की सड़कों के डामरीकरण और सीसी वर्क की शुरुआत रविवार को मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने की। कुल 41 लाख के विकास कार्यों का श्रीगणेश हुआ। इसमें एचडीएफसी बैंक से शीला भवन तक, मकड़ावन गली, रिद्धि-सिद्धि अपार्टमेंट वाला क्षेत्र, भूत बंगला क्षेत्र, राज बॉक्स वाली गली व बैंक कॉलोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख रुपए से होगा। इसी प्रकार डॉ. पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीसी वर्क 16 लाख रुपए से किया जाएगा। मंजूरी के बाद ये काम लंबे समय से अटके थे। जानकारी मिलने पर विधायक चेतन्य काश्यप ने निगम अफसरों से बोलकर काम चालू करवाए। पूर्व पार्षद रेखा जौहरी, राकेश परमार, यशपाल मंडोरा, सलीम आरिफ, योगेश पापटवाल, राजू व्यास, राहुल जसूजा, मुबारिक शैरानी, विपिन पोरवाल, रवि जौहरी आदि उपस्थित रहे।

दै. भास्कर
21-12-2020

# वार्ड 34 में 41 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन



डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन करते हुए आदित्य डागा, रेखा जौहरी। • नईदुनिया

21-12-20

रतलाम। शहर वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण व सीमेंटीकरण कार्य का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद रेखा जौहरी व क्षेत्रीय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चनाकर किया। जौहरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से शीला भवन तक, मकड़ावन गली, रिद्धि-सिद्धि अपार्टमेंट वाला क्षेत्र, भूत बंगला क्षेत्र, राज बॉक्स वाली गली व बैंक कॉलोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख की निगम निधि व डॉ. पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीमेंटीकरण 16 लाख की लागत की निगम निधि से किया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड में रुके हुए विकास कार्य प्रारंभ करवाए जाने पर जौहरी व क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक चेतन्य काश्यप का आभार माना। अश्विन जायसवाल, राकेश परमार, यशपाल मंडोरा, सलीम आरिफ, योगेश पापटवाल, राजू व्यास, राहुल जसूजा, उमेश (नंदी), मुबारिक शैरानी, विपिन पोरवाल, रवि जौहरी आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया
21-12-2020

### निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में दिये निर्देष

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की समस्त तैयारियां तत्परता से पूर्ण की जाये

**रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर ओडीएफ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।**



निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित बैठक में निगम के अधिकारी एंव कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त हो इस हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों को पुरी निष्ठा, लगन व ईमानदारी से पूर्ण करें। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर के 52 सार्वजनिक शौचालयों में मरम्मत कार्य, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, जल आपूर्ति, प्रकाश आदि व्यवस्थाऐं आदि की व्यवस्थाऐं पूर्ण कराये जाने के साथ ही शौचालयो पर महिला - पुरूष अंकित करवाया जाये। इसके अलावा प्रत्येक शौचालय पर स्वास्थ्य विभाग के एक-एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाये। इसके अलावा नगर के 18 सुलभ शौचालयों में वेंडिग मशीन, फीड बैक मशीन, इन्सीनेटर, हैण्ड ड्रायर मशीन चालू हालत में रहें साथ ही महिला पुरूष शौचालय के साथ ही दिव्यांग व बच्चों के शौचालय भी चालू हालत में रहे। साथ ही शौचालयों में मरम्मत कार्य, रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, कीटनाशक दवा छिड़काव, जल आपूर्ति, प्रकाश, ऐजास्ट फैन आदि व्यवस्थाऐं संबंधित ऐजेन्सी से करवाई जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर के सभी घरो से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाना है साथ ही 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण किया जाना है इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये। इसके अलावा उन्होने निर्देश दिये कि काटजू नगर व अलकापुरी वार्ड को 0 वेस्ट वार्ड बनाया जाना है इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि वे नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरों में संपर्क करें साथ ही स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिदिन की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें साथ ही नगर के सार्वजनिक शौचालयों पर भी अपने कर्मचारियों की तैनाती करें। आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, अनवर कुरैशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ सोनी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, सहायक राजस्व निरीक्षक बलवंत राठौर, वासुदेव बैरागी के अलावा नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्य उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार

**नियमित आपूर्ति के 7 दिन** • 14 दिसंबर को कस्तूरबा नगर टंकी से हुई थी नियमित जलप्रदाय की शुरुआत

# आज नई व्यवस्था का रिव्यू, दीनदयाल नगर टंकी से करेंगे अब रोजाना सप्लाई

## अब तक नगर निगम ने दो बार टेस्टिंग की

## अब कमियों को चिह्नित करने का प्लान बनाया, इसे दुरुस्त किया जाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

21-12-2020

कस्तूरबा नगर टंकी के दोनों जोन में लगातार सात दिन में रोजाना पानी सप्लाई किया जा रहा है। इस दौरान लीकेज और वॉल्व को लेकर दो बार दिक्कत आई थी, जिसे तत्काल ठीक करना पड़ा। सोमवार को विधायक चेतन्य काश्यप अफसरों के साथ बैठकर नई व्यवस्था का रिव्यू करेंगे। इसमें खामियों को चिह्नित करने, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने सहित अन्य मुद्दों पर बात होगी। अगला टारगेट 15 लाख लीटर क्षमता वाली दीनदयाल नगर टंकी से नियमित जलप्रदाय करने का है, जो इसी सप्ताह से शुरू हो सकता है। दो बार टेस्टिंग कर चुका निगम इसके पूरी तरह तैयार है। इतना ही नहीं इससे भी एक कदम आगे बढ़कर जलप्रदाय अमले ने गोशाला रोड, शांति नगर, पोलोग्राउंड व ग्लोबस कॉलोनी की टंकी की सप्लाई व्यवस्था सुधारना शुरू कर दिया है। 14 दिसंबर को कस्तूरबा नगर टंकी से रोजाना पानी देने की शुआत हुई थी।



विनोबा नगर में बनी 15 लाख लीटर की टंकी शुरू होगी।

### इन टंकियों की व्यवस्था भी सुधार रहा निगम

| टंकी | क्षमता |
|---|---|
| गोशाला रोड | 22.5 |
| शांति नगर | 20 |
| पोलोग्राउंड | 23 |
| ग्लोबस | 15 |

(क्षमता लाख लीटर में)

### दीनदयाल नगर टंकीः जल्द रोजाना पानी मिलने लगेगा

**जोन एक** - दीनदयाल नगर बी, सी, डी और एफ सेक्टर।

**जोन दो** - दीनदयाल नगर ई सेक्टर, हिम्मत नगर, वीआईपी नगर, अमृत सागर गृह निर्माण मंडल कॉलोनी, ओसवाल नगर, श्री नगर, हनुमान बाग, ईटभट्टा गली, नेमीनाथ कॉलोनी आदि।

### बढ़ने के बजाए कम हो गई पानी की आवश्यकता

कस्तूरबा नगर टंकी से रोजाना जल सप्लाई शुरू होने के बाद पानी की खपत बढ़ने के थोड़ी कम हो गई है। पहले 20 लाख लीटर वाली टंकी से एक दिन छोड़कर लगभग 18 से 19 लाख लीटर पानी दिया जाता था। सात दिन से यह खपत लगभग 18 से 18.5 लाख लीटर के आसपास आ गई है। इस आंकड़े ने रोजाना पानी देने से बढ़ने वाली खपत को लेकर चिंतित जलप्रदाय अमले के हौसले और बुलंद कर दिए हैं।

**लीकेज ठीक करने को कहा** - नई व्यवस्था पर पूर्व पार्षद मनीषा शर्मा भी नजर रखे हुए हैं। रोजाना क्षेत्र में घूमकर रहवासियों से फीडबैक लेने के साथ उन्हें लीकेज भी मिल रहे हैं। इन्हें ठीक कराने के लिए जलप्रदाय अमले को जानकारी दे दी है। सात दिन में 5 लीकेज ठीक कर चुके हैं।

### रोजाना जानकारी ले रहे

*सात दिन से कस्तूरबा नगर टंकी से रोजाना पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। जलप्रदाय अमले से रोजाना जानकारी ले ही रहे हैं। इसका रिव्यू करेंगे। इसमें सामने आए तथ्यों को सुधारते हुए अगली टंकी से नियमित जलप्रदाय शुरू करेंगे ताकि किसी प्रकार की कोई बाधा न आए।*

**चेतन्य काश्यप**, विधायक

### खामियां दूर कर रहे हैं

*कस्तूरबा नगर टंकी से रोजाना सुबह 6.15 से 11.30 बजे तक दोनों जोन में पानी दिया जा रहा है। इस दौरान सामने आई छोटी-मोटी खामियों को भी दूर कर रहे हैं। दीनदयाल नगर से टेस्टिंग हो चुकी है। दूसरी टंकियों की व्यवस्था सुधारना भी शुरू कर दिया है।*

**सुरेशचंद्र व्यास**,
कार्यपालन यंत्री ननि

दै. भास्कर
21-12-2020

# गंदगी, मलबा फैलाने का 7 पर जुर्माना

रतलाम। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने तथा अतिक्रमण करने पर ईश्वरलाल कलाईगर रोड व हसमुख-गुमानमल गांधी पर 5000-5000, अजय पांचाल सज्जन विहार कालोनी, इन्तावल हुसैन राज बैण्ड महलवाड़ा, लक्की फैशन, मोहम्मद ईशाक घांस बाजार पर 500-500, रामचन्द्र घांस बाजार पर 250 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई।

नवभारत 21/12/20

नवभारत

21-12-2020

# सीसीटीवी में कचरा फेंकते दिखा, टीम ने पहुंचकर लगाया स्पॉट फाइन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

21-12-2020

गंदगी फैलाने वालों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद लोग आदत नहीं बदल रहे हैं। घांस बाजार के ऐसे ही एक दुकानदार रविवार सुबह उस समय चकित रह गया, जब दुकान खुलते ही निगम की टीम स्पॉट फाइन करने पहुंच गई। वाकया न्यू रतन श्री दुकान का है। पुलिस कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी ने सीसीटीवी कैमरे में देखकर स्वास्थ्य अमले की टीम को जानकारी दी थी। टीम दुकान खुलते ही पहुंची और 500 रुपए जुर्माना वसूला।

इसी प्रकार सफाई व्यवस्था के निरीक्षण पर निकले आयुक्त सोमनाथ झारिया ने चांदनी चौक,

# अतिक्रमण और गंदगी करने पर हंसमुख गांधी पर 5000 का जुर्माना



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 21-12-2020

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहा-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है

# चौमुखी पुल पर सोमवार से लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

इन्दौर समाचार 21-12-2020

संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराने में नागरिक दिखा रहे हैं उत्साह

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धन्धे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसम्बर 2020 तक छूट दी जा रही है। इस हेतु नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों की बकाया राशि जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 26 अक्टूबर से आयोजित किये गये है जो 30 दिसम्बर तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि एक मुश्त राशि जमा कर दी जा रही अधिभार में छूट का लाभ ले सकते है।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 21 से 22 दिसम्बर को चौमुखी पुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 से 24 दिसम्बर को शास्त्री नगर सेन्ट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 26 व 28 दिसम्बर को दो बत्ती चौराहा व वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 29 से 30 दिसम्बर को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

इन्दौर समाचार
21-12-2020

---

## आज चौमुखी पुल पर शिविर

- रतलाम। संपत्तिकर व जलकर की बकाया वसूली के लिए 21 व 22 दिसंबर को वार्ड 43 व 45 के लिए चौमुखी पुल प्याऊ के पास शिविर लगेगा। इसके बाद वार्ड 33, 34 व 35 के लिए 23 से 24 दिसंबर तक शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड 33 व 34 के लिए 26 व 28 दिसंबर को दो बत्ती चौराहा व वार्ड 30, 31, 32 व 34 के लिए 29 से 30 दिसंबर को को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर लगेगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 26 अक्टूबर से वार्ड वार लगाए जा रहे शिविरों में अब तक 4622854 रुपए संपत्तिकर और 1465775 रुपए जलकर जमा हुआ है।

भास्कर
21-12-20

दै. भास्कर
21-12-2020

---

## आज चौमुखीपुल पर लगेगा बकाया वसूली शिविर

नई दुनिया 21-12-2020

रतलाम। कोरोना संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पैनल्टी) में 31 दिसंबर तक छूट दी जा रही है। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों की बकाया राशि जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे है। शिविर में नागरिक नगर निगम की बकाया संपतिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि एक मुश्त जमा कर छूट का लाभ ले सकते है। वार्ड 43, 45 के लिए 21 व 22 दिसंबर को चौमुखी पुल प्याऊ के पास, वार्ड 33, 34, 35 के लिए 23 से 24 दिसंबर को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड 33, 34 के लिए 26 व 28 दिसंबर को दो बत्ती चौराहा व वार्ड 30, 31, 32, 34 के लिए 29 से 30 को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर शिविर लगेंगे।

नई दुनिया
21-12-2020

# 3 नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ

इन्दौर समाचार 21-12-2020

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 19 दिसम्बर शनिवार को मदिना मस्जिद, मौलाना आजाद नगर व इंदिरा नगर नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

इन्दौर समाचार

21-12-2020

# 446 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 19 दिसम्बर तक 446 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के



## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

इन्दौर समाचार
21-12-2020

## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

नव भारत
21-12-2020

# लगातार लुढ़क रहा पारा, जलने लगे सरकारी अलाव

## मौसम ● तापमान लुढ़क कर 7.5 डिग्री पहुंचा, गर्म कपड़ों का ले रहे सहारा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से जिले का वातावरण लगातार सर्द बना हुआ है। ठंड के तेवर तीखे होते ही शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नगर निगम ने अलाव जलाना शुरू कर दिया है। इससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। शुक्रवार के बाद शनिवार को सीजन की सबसे सर्द रात रही। तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मावठे की बारिश के बाद से जिले में मौसम के मिजाज पूरी तरह बदले हुए हैं। वर्तमान में रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को शहर सहित अंचल में सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा इससे सड़कों पर आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन में सूरज की तेजी से जहां तापमान में उछाल आया। इससे आमजन को दिन में सर्दी से कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान 25.2 व न्यूनतम 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में जहां 1.2 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया, वहीं न्यूनतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 73 व शाम की 62 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 73 व 62 रही थी।



रतलाम नगर निगम परिसर में अलाव तापते हुए नागरिक। ●नईदुनिया



सर्द हवाओं से बचने के लिए बच्चे और बड़े गर्म वस्त्रों में लिपटे नजर आ रहे हैं। ●नईदुनिया

### आज वर्ष की सबसे लंबी रात, गुरु-शनि सर्वाधिक करीब

21 दिसंबर को 400 साल बाद सबसे बड़ी खगोलीय घटना होगी। इस दिन वर्ष की सबसे बड़ी रात होगी, वहीं शनि व गुरु ग्रह सबसे करीब होंगे। 21 दिसंबर को 10 घंटे 34 मिनट का दिन और 13 घंटे 26 दिन की रात होगी। कोरोना काल की यह सबसे लंबी रात होगी। सौरमंडल का ग्रह शनि और सबसे विशाल ग्रह गुरु प्वाइंट एक डिग्री की दूरी पर दिखते हुए एक-दूसरे से मिलते से दिखेंगे। दो बड़े ग्रहों के पास दिखने की यह घटना ग्रेट कंजक्शन कहलाती है। वर्ष 1623 ईस्वी में यह दोनों ग्रह इतने नजदीक आए थे। उसके बाद इतना नजदीक कंजक्शन अब दिखने जा रहा है। आने वाले समय में इतनी नजदीकियां 15 मार्च 2080 को होने वाले कंजक्शन में देखी जा सकेंगी। यह कंजक्शन 20 साल बाद होता है। पिछला कंजक्शन सन 2000 में हुआ था, लेकिन यह दोनों पृथ्वी के पास थे।

**विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए**

सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलावा जलाना शुरू कर दिया गया है। बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव जलने से लोगों को सर्दी से राहत मिल रही है।

### चना-मसूर में इल्ली का प्रकोप

सैलाना। इन दिनों चने तथा मसूर के पौधे में इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है। इल्ली से बचाव के लिए किसान रासायनिक दवाई का छिड़काव कर रहे हैं। इधर, ठंड ज्यादा गिरने से किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि पाला पड़ने से फसलें चौपट हो जाएगी। सारी मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 20 दिसंबर | 25.2 | 7.5 |
| 19 दिसंबर | 24.0 | 8.0 |
| 18 दिसंबर | 23.2 | 8.2 |
| 17 दिसंबर | 22.6 | 9.6 |
| 16 दिसंबर | 22.6 | 11.4 |
| 15 दिसंबर | 21.6 | 14.3 |
| 14 दिसंबर | 20.2 | 14.2 |
| 13 दिसंबर | 23.2 | 14.6 |
| 12 दिसंबर | 23.2 | 14.6 |

नई दुनिया
21-12-2020

# पावर हाउस रोड सिटी फोरलेन से हटे बिजली के पोल

पत्रिका 21-12-2020



रतलाम. शहर में चल रहे पावर हाउस रोड सिटी फोरलेन निर्माण के दौरान सड़क के बीच लगे बिजली के खंभों को हटाए जाने का काम में बिजली कंपनी ने रविवार को किया। पोल शिफ्टिंग और लाइन बदले जाने के दौरान बिजली कंपनी के द्वारा क्षेत्र की लाइट बंद करने के साथ ही कुछ हिस्से में आवागमन मार्ग को भी परिवर्तित किया गया।

लंबे समय से पावर हाउस रोड पर सिटी फोरलेन निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते कुछ बिजली के खंभों को तो पूर्व में हटा दिया गया था लेकिन कुछ खंभे ऐसे थे जिन्हें उस समय हटाना संभव नहीं था। अब जाकर रोड निर्माण के बाद

## अब कॉन्वेंट स्कूल तक होगा काम

सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती तक हुए सिटी फोरलेन निर्माण के बाद अब दो बत्ती से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक सिटी फोरलेन का निर्माण कार्य होना शेष रह गया है। जल्द ही अब आगे के काम को पूरा करने के लिए सड़कों की खुदाई फिर से शुरू हो जाएगी। मार्ग पर आने वाली बाधा को लेकर ठेकेदार और सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभाग के अधिकारी कर्मचारी उसे दूर करने में जुटे हुए हैं। फिलहाल कॉन्वेंट स्कूल के समीप सड़क को चौड़ा करने के

# निर्देश : स्वच्छता सर्वे में रैंकिंग फिसलें नहीं

## मानीटरिंग ● विभागीय स्तर पर होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी तैयारी को लेकर चर्चा

21-12-2020

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को लेकर नगर निगम अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है, वहीं शासन स्तर से भी इसकी लगातार मानीटरिंग की जा रही है। नगरीय प्रशासन विभाग से प्रदेश की सभी निकायों को निर्देश दिए गए हैं, कि कोई भी निकाय वर्तमान रैंकिंग से पीछे न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाए। विभागीय स्तर पर होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी सर्वेक्षण के सभी बिंदुओं पर तैयारी को लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं।



कालिका माता मंदिर में स्वच्छता का संदेश देने के लिए बनाई गई रंगोली। ●नईदुनिया

मालूम हो कि कोरोना संक्रमण के कारण इस बार निकायों में फील्ड सर्वे 1 मार्च से 28 मार्च तक होगा। हालांकि सिटीजन वाइस के अंतर्गत फीडबैक लेने की प्रक्रिया 4 जनवरी से प्रारंभ हो जाएगी, जो 28 मार्च तक चलेगी। दरअसल इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण 6000 अंक का होगा, लेकिन इसमें आमजन से मिलने वाले फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। पिछली बार चार हिस्सों में 25-25 प्रतिशत अंक थे, इस साल तीन हिस्सों अंक रहेंगे। एक भाग 40 प्रतिशत का जबकि दो भाग 30-30 प्रतिशत अंक के होंगे। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) रहेंगे। निगम को घर-घर से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग कलेक्शन करना, नष्टीकरण या रियूज को लेकर सभी इंतजाम करना होंगे।

### कैसे होता है कचरे का निष्पादन, जनता से पूछेंगे

स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में निगम को खतरनाक श्रेणी के कचरे का निष्पादन करना जरूरी होगा। पॉलीथिन-प्लास्टिक के उपयोग रोकने के लिए किए गए इंतजामों के साथ ही आमजन से फीडबैक भी लिया जाएगा। दुकानदारों, होटल संचालकों, धर्मशाला, निजी, शासकीय कार्यालयों से फीडबैक लिया जाएगा। सिटीजन वाइस के लिए 30 प्रतिशत अर्थात 1800 अंक मिलेंगे। सर्टिफिकेशन-स्टार रेटिंग के तहत 30 प्रतिशत अर्थात 1800 अंक मिलेंगे। इसमें कचरा मुक्त शहर की स्टार रैंकिंग पर 1100 और ओडीएफ प्लस व ओडीएफ डबल प्लस के लिए 700 अंक तय किए गए हैं।

### कालिका माता मंदिर परिसर में बनाई रंगोली

निगम द्वारा शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त कर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रंगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। रविवार को कालिका माता मंदिर परिसर को साफ और स्वच्छ रखने का संकल्प यहां आने वाले लोगों और आसपास के रहवासियों ने लिया। इस मंदिर के आसपास का क्षेत्र पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। अनेक शहरवासी यहां सैर के लिए भी सुबह-शाम आते हैं। संकल्प लेने वाले नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों को कचरे से मुक्त रखा जाना चाहिए।

### शासन से यह निर्देश

- सभी निकायों में ओडीएफ डबल प्लस हो व कम से कम सिंगल स्टार रैंक अवश्य प्राप्त करें।
- जनप्रतिनिधियों व आमजन को स्वच्छता की गतिविधियों से जोड़ा जाए।
- स्वच्छता के प्रचार-प्रसार किया जाए। थीम तय कर आमजन की सहभागिता तय करें।

❝ स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम स्तर पर तैयारी पूरी है। सफाई को आदत के रूप में अपनाना होगा। सभी मिलकर शहर को स्वच्छता की परीक्षा में अव्वल रखेंगे।

-सोमनाथ झारिया, आयुक्त, नगर निगम

नई दुनिया

21-12-2020

बैठक संपन्न निगम आयुक्त ने बैठक में दिये निर्देश, नगर के 52 सार्वजनिक शौचालयों में मरम्मत कार्य रंगाई पुताई सफाई कराई जाएगी

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की तैयारियां तत्परता से पूर्ण की जाए

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 21-12-2020

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर ओडीएफ के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने आयोजित बैठक में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रतलाम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त हो इस हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने.अपने दायित्वों को पुरी निष्ठाए लगन व ईमानदारी से पूर्ण करें।



## कीटनाशक दवा का छिड़काव...

बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नगर के 52 सार्वजनिक शौचालयों में मरम्मत कार्य रंगाई.पुताईए साफ सफाई कीटनाशक दवा छिड़काव जल आपूर्तिए प्रकाश आदि व्यवस्थाऐं आदि की व्यवस्थाऐं पूर्ण कराये जाने के साथ ही शौचालयों पर महिला . पुरूष अंकित करवाया जाये। इसके अलावा प्रत्येक शौचालय पर स्वास्थ्य विभाग के एक.एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाये। इसके अलावा नगर के 18 सुलभ शौचालयों में वेंडिंग मशीनए फीड बैक मशीनए इन्सीवेटरए हैण्ड ड्रायर मशीन चालू हालत में रहें साथ ही महिला पुरूष शौचालय के साथ ही दिव्यांग व बच्चों के शौचालय भी चालू हालत में रहे। साथ ही शौचालयों में मरम्मत कार्यए रंगाई.पुताईए साफसफाईए कीटनाशक दवा छिड़कावए जल आपूर्तिए प्रकाशए एक्जास्ट फैन आदि व्यवस्थाऐं संबंधित ऐजेन्सी से करवाई जाये। निगम आयुक्त ने बैठक में यह भी निर्देश दिये कि ऐसे क्षेत्र जहां खुले में शौच किया जा सकता है वहां निगरानी हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये साथ ही तालाब आदि पर भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये।

नगर के ऐसे क्षेत्र जहां सार्वजनिक शौचालय नहीं है उन्हे चिन्हित कर मोबाईल टायलेट ;चलित शौचालयद्ध रखवाये जाकर प्रतिदिन दोनो समय साफसफाई सहित अन्य व्यवस्थाऐं की जाये। बैठक में निगम आयुक्त नें निर्देशित किया कि नगर के सभी घरो से गीला व सूखा कचरा पृथक.पृथक लिया जाना है साथ ही 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण किया जाना है इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिये कि काटजू नगर व अलकापुरी वार्ड को 0 वेस्ट वार्ड बनाया जाना है इसकी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों को निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि वे नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरों में संपर्क करें साथ ही स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिदिन की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें साथ ही नगर के सार्वजनिक शौचालयों पर भी अपने कर्मचारियों की तैनाती करें।

21/12 राजएक्सप्रेस

21-12-2020



# त्रिवेणीधाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नंबर-1 बनाए जाने के प्रयासों में तेजी आ रही है। हर दिन शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जा रहा है। इन कचरा मुक्त स्थानों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। निगम प्रशासन के इन्हीं प्रयासों की कड़ी में शहर के प्राचीन धर्मस्थल त्रिवेणीधाम व आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों इस क्षेत्र के साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने व स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को नंबर-1 बनाने का संकल्प लिया है। नागरिकों

शहर में शुरुआत करते हुए सैकड़ों स्थानों को कचरे से मुक्त किया है। इन कचरा स्थलों पर हर दिन सफाई मित्र समूह के सदस्य आकर्षक रांगोली का निर्माण कर तमाम लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इस मौके पर रहवासियों और राहगिरों को संकल्प दिलाया जा रहा है कि मेरा योगदान, मेरी शान, स्वच्छ शहर मेरी पहचान है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।